
# बालमन

Powered by Teachers of Bihar




Pramod Kumar- +91 9661547325 Dheeraj Kumar- +91 9431680675

+91 7250818080 info@teachersofbihar.org |
www.teachersofbihar.org teachersofbihar@gmail.com

# टीचर्स ऑफ बिहार गीत

एम आर चिश्ती

चांद तारों को साथ लाएंगे,
हम बहारों को साथ लाएंगे।

जैसे आती नहीं नज़र दुनिया,
हम बनाएंगे वो हंसी दुनिया,
हौसला और अपनी मंज़िल से,
सब नज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

प्रेम की रोशनी जो बिखरेगी
और प्रतिभा सबकी निखरेगी,
खींच लेंगे गगन से इंद्रधनुष
बहते धारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

हम हैं निर्माता अपने भारत के,
पूरे करने हैं सपने भारत के
हम कलम के वही सिपाही है
जो हज़ारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे....

हमने माना, टीचर्स ऑफ़ बिहार
दीप ऐसा जलाएगा इस बार,
हम नवाचारी शिक्षा की रह में
बेसहारों को साथ लाएंगे।
चांद तारों को साथ लाएंगे...

www.teachersofbihar.org

# अभियान गीत

घर-घर अलख जगाएगें, हम बदलेंगे जमाना।।
निश्चय हमारा, ध्रुव सा अटल है।
काया की रग-रग में, निष्ठा का बल है।।
जागृति शंख बजायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।
बदली हैं हमने अपनी दिशायें।
मंजिल नयी तय, करके दिखायें।।
धरती को स्वर्ग बनायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।।
श्रम से बनायेंगे, माटी को सोना।
जीवन बनेगा, उपवन सलोना।।
मंगल सुमन खिलायेंगें, हम बदलेंगे जमाना।।
कोरी कल्पना की तोड़ेंगे कारा।
ममता की निर्मल, बहायेंगे धारा।।
समता की दीप जलायेंगे, हम बदलेंगे जमाना।।

# बिहार स्थापना दिवस

जन जन की यही पुकार,
समृद्ध हो अपना बिहार।
वीरों की है कर्मभूमि ,
जानता है सारा संसार।।



दृढ़ संकल्पित हो हम,
आओ कर्तव्यनिष्ठ बनें।
फिर से नया बिहार,
आओ मिलकर गढ़े।।

बेटे बेटियों में फर्क नहीं,
सबको भेजें स्कूल।
शिक्षा के द्वारा उद्धार होगा,
इसे ना जाना भूल।।




नशा बाल विवाह दहेज प्रथा,
जैसे कुरीतियों से बचें।
कंधे से कंधा मिलाकर,
आओ हम सब आगे बढ़े।।



होगी जय जय कार हमारी,
आओ अग्रिम पथ पर चले।
समरसता का भाव लेकर,
चलो नया बिहार गढ़े।।



अशोक कुमार
न्यू प्राथमिक विद्यालय भटवलिया
नआंव, कैमूर

# ToB बालमन कविता

फरवरी 2024

## प्यारा अपना देश



प्यारा अपना देश
हिमालय सा उज्ज्वल भाल
लहराते तिरंगे की शान
समीर से आती चंदन सी सुवास
है प्यारा अपना देश

उत्तर से दक्षिण तक
कोटि कोटि बोली भाषा
रंग बिरंगे परिधानों से सजा
प्यारा अपना देश

सैनिक करें देश की रक्षा
कृषक संभालें खाद्य सुरक्षा
उद्योगों से स्वरोजगार से
विकास की राह चला
प्यारा अपना देश।





चंदना दत्त (शिक्षिका)
रांटी , मधुबनी

# ToB बालमन कविता

फरवरी 2024

## हेलमेट





ज्ञान की बात नहीं यह कोई
अनुभव तुम्हें सुनाती हूं,
जीवन की रक्षा हेतु
एक सरल उपाय बताती हूं ।

दो पहिए वाहन जो सुगम है
खूब प्रयोग हम करते हैं ,
पर उसके परम नियमो का
मान नहीं हम रखते हैं ।

हेलमेट' ही वह उपयुक्त यंत्र है
जिससे जीवन की रक्षा होती है,
हेलमेट के कारण सबके
सिर की रक्षा होती है।

यातायात का नियम तो है ही ।
यह एक सुरक्षा चक्र भी है ,
इस हेलमेट के कारण ही
बड़ी दुर्घटनाओं का अंत भी है।

गलती करके मैंने सीखा
अब मैं सबको सिखलाऊंगी।
हेलमेट से है बड़ी सुरक्षा
यह संदेश सुनाऊंगी।

प्यारे बच्चों और मेरे साथी
घर-घर संदेश फैलाना है ,
सड़क सुरक्षा के नियमों को,
जन-जन तक पहुंचना है।



खुशबू कुमारी
(शिक्षिका)
UMS दुघरा, भभुआ,

# TEACHERS OF BIHAR

बालमन कविता

मार्च 2024

## गौरैया



सुबह सुबह चीं चीं करके
जग की जो नींद चुराती है
नन्हें नन्हें पंखों वाली
गौरैया कहलाती है ।

रहती हरदम साथ हमारे
मेरे घर के रोशनदान में
शीशे पर आकर बैठती
चुन-चुन कर दाने अनाज के ।

लाख करे मां जतन सफाई की
तिनके वो लाकर बिखेरती
घास-फूस औ तिनकों से
अपना नीड़ है स्वंय बनाती ।

संग हमारे फुदका करती
मुढ़ी चूड़ा चावल खाती
पापा जो बिस्किट हैं देते
वो बच्चों को देकर आती ।

बिजली के पंखें से टकराकर
घायल जब वो हो जाती है
उसके पंखों को सहलाती
मुनिया है अश्रुकण बहाती ।

गौरैया के लिए कटोरे में
हम जल रखना ना भूलें
पर्यावरण बचाना है तो
जीवन शृंखला सजा लें ।



चंदना दत्त
रांटी ,मधुबनी ,बिहार

# TEACHERS OF BIHAR

बालमन कविता

फ़रवरी 2024

## तितली

सतरंगी पंख लगाकर तितली रानी तुम कहाँ चली।
लाल गुलाबी नीली पीली ओढ़ ओढ़नी कहाँ चली।।
बासंती ऋतु में सरसों फूली लहराई गेहूं की बाली।
अमराई में कोयल बोली फूलों पर उड़ने कहाँ चली।।

रंग बिरंगे पुष्प खिल गए महक उठी क्यारी क्यारी है।
तितली भरो उड़ान अब मक़रंद लूटने की बारी आई।।
पेट भर रसपान करना बच्चों के कभी  हाथ न आना।
बस नज़रों के इर्द गिर्द ही उड़ते उड़ते मन बहलाना।।

गेंदा ,गुलाब और चमेली   देखो खुशबू फैलाते सारे।
हरियाली की चुनर ओढ़ धरती माता हरषाई प्यारे।।
जादू है क्या तितली तुम में जो झट गायब हो जाती।
पकड़ न पाए कोई तुमको पल में  तुम उड़ जाती।

शुभांगी शर्मा
बाल कवयित्री
भवानीमंडी, जिला -झालावाड़, राजस्थान

# कार्यालय जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर (भभुआ)

शिक्षा भवन, भागीरथी मुक्ताकाश मंच भभुआ,
(मो०-8544411411 email-deokaimur.edn@gmail.com)



## "शुभकामना संदेश"

मुझे यह जानकर प्रसन्नता है कि विद्यालय के छात्र/छात्राओं को जागरूक बनाने तथा प्रतिभावान बच्चों के प्रतिभा का प्रदर्शन विभिन्न स्तर पर करने के उद्देश्य से "बाल मन कैमूर" पत्रिका का मासिक प्रकाशन किया जा रहा है।

इस प्रकार के प्रकाशन, बच्चों के सृजनात्मक विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। इससे बच्चों के सुनहरे भविष्य के लिए मार्ग प्रशस्त होगा।

आशा है कि इस पत्रिका से बच्चे, शिक्षक एवं समाज में सकारात्मक सोच विकसित होगा।

मैं सुमन शर्मा, जिला शिक्षा पदाधिकारी, कैमूर इस उपयोगी लेखन के लिए बधाई देते हुए "बाल मन कैमूर" के प्रकाशन की सफलता हेतु अपनी शुभकामनाएं प्रेषित करता हूं।

(सुमन शर्मा)
जिला शिक्षा पदाधिकारी
कैमूर (भभुआ)

# सम्पादकीय



प्यारे बच्चों,
नमस्कार
बालमन पत्रिका पंचदश अंक को समर्पित करते हुए उम्मीद करते हैं कि आप सभी सकुशल और स्वस्थ होंगे।
आप सभी बच्चों की प्रतिभाएं दिन प्रतिदिन एक नया आयाम कायम कर विद्यालय,प्रखंड,जिला,राज्य और देश में प्रकाश बिखेर रही है। आप सभी इसी प्रकार निरंतर रचनात्मक कला और नवाचार करते रहे।नि:संदेह आप सभी का कार्य सराहनीय तथा जिले की पहचान को अधिक प्रगांढ बनाएंगा। साथ ही गर्मी का मौसम आ रहा है आप सभी घर पर रहकर नवाचार करते रहे और अपनी कला को बालमन चांद टीम तक जरूर पहुंचाएं।
हमारे बालमन चांद टीम बेहतर से बेहतर कार्य करने के लिए सदैव प्रयत्नशील है।
आप सब की उज्जवल भविष्य की कामना के साथ
प्रमोद कुमार
क.म.वि.चांद, कैमूर

# सहयोगी सदस्य

1-उदय पांडे म.वि.चांद कैमूर
2-मो.असलम म.वि.चांद कैमूर
3-प्रीति कुमारी उ.मा.वि.बकसडां, करगहर रोहतास
4-मीरा कुमारी म. वि.घटेयां कुदरा कैमूर
5-विनीता तिवारी प्रा.वि.किशनपुरा कैमूर
6-सुमन सिंह पटेल क.म.वि. चांद कैमुर

# सहयोगी सदस्य की कलम से



प्यारे बच्चों,

प्यार और शुभ आशीष के साथ भाईचारे एवं रंगों के त्यौहार होली की शुभकामनाएं देते हुए कहना चाहूंगी कि जिस प्रकार अधर्म को पराजित कर धर्म विजयी होता है इस प्रकार आप लोग भी बुरे मार्ग का परित्याग कर अच्छे एवं नेक राह पर चलते हुए अपनी अंदर छुपी प्रतिभाओं को निखारते रहे।

बालमन पत्रिका सदैव आपके सहयोग के लिए तत्पर है समय-समय पर बाल मन पत्रिका द्‌वारा अलग-अलग तरह की प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है आप सभी बढ़ चढ़ के हिस्सा लें और अपने नवाचार को जन-जन तक पहुंचाएं

इन्हीं शुभकामनाओं के साथ

प्रीति कुमारी

उच्च माध्यमिक विद्‌यालय बकसडा

करगहर ,रोहतास

## सहयोगी **सदस्य** की कलम **से**



प्यारे बच्चों,

नमस्कार

बालमन चांद पत्रिका आज वर्ष पूरे एक वर्ष का हो गया है आप सभी बच्चों को धन्यवाद देते हुए कहना है कि आप सभी बच्चे फूलों की तरह मुस्कान बिखेरते हुए नित्य नवाचार करते रहे आप सभी के इस कार्य के लिए उत्सुकता, हर्षोल्लास को देखकर मन प्रसन्नचित हो जाता है। आप सभी रचनात्मक कला करते रहे इसमें आ रही समस्याओं को हम तक पहुंचाएं।साथ ही आप सभी से कहना चाहती हूं कि सभी बच्चे समय-समय पर हो रही प्रतियोगिता में जरूर भाग लें और अपने मित्रों को भी जागरूक करे ताकि सामाजिक सदभावना, प्रेम बना रहे। इसी शुभकामना के साथ आपके उज्जवल भविष्य की कामना करती हूं।

विनीता तिवारी
प्रा.वि.किशनपुरा, चांद

# सहयोगी सदस्य की कलम से



प्यारे बच्चों,
नमस्कार
बालमन चांद में सभी बच्चों के स्वागत कर बड़े ही हर्षोल्लास से कहना चाहती हूं कि बालमन अपनी वर्षगांठ मना रहा है। आप सभी बच्चों के सहयोग से यह बालमन पत्रिका धीरे-धीरे अग्रसर हो रहा है। अब शीत ऋतु जाने को है, और बसंत ऋतु आने को है। आप सभी बच्चे फूलों के पराग की भांति खिलकर नया नवाचार करते हुए अपनी कला को हम तक पहुंचाएं।
इसी शुभकामना के साथ।

सुमन सिंह पटेल
क.म.वि.चांद



प्यारे बच्चों,
नमस्कार
बाल मन पत्रिका आप सभी बच्चों के उज्जवल भविष्य और जीवन के पथ पर अग्रसर रहने के लिए हमेशा प्रयासरत हैं।

बालमन पत्रिका के माध्यम से बच्चों में छिपी प्रतिभा दिन प्रतिदिन निखरती जा रही है, बच्चे अपने में खोज,सूक्ष्म नवीकरण, निर्माण, शून्य निवेश पर नवाचार करके अपनी प्रतिभा को निखार रहे हैं।

इन्हीं शुभकामनाओं के साथ होली जैसे पावन और भाईचारे के इस पर्व के अवसर पर आप सभी बच्चे होली के रंगों जैसा अपने जीवन की कामयाबी को विभिन्न रंगों में भर दें।

आपके उज्जवल भविष्य की कामना के साथ।

मीरा कुमारी
उ.म.वि.घटेयां
कुदरा कैमूर

## सहयोगी सदस्य की कलम से



प्यारे बच्चों,
नमस्कार
सभी बच्चे ठंड से बचाव करते ज्ञान रूपी प्रकाश को बिखरते हुए आपसी सहयोग, सदभावना, प्रेम-भाव रखते हुए आप सभी के द्‌वारा विद्‌यालय में निरंतर रचनात्मक कला एवं नवाचार करते रहे।बालमन चांद टीम आप सभी के सहयोग के लिए सदा तत्पर पर है।
इसी शुभकामना के साथ
उदय पांडेय
म.वि. चांद



प्यारे बच्चों,
नमस्कार
आप सभी बच्चे निरंतर रचनात्मक और नवाचार करते रहे साथ ही अपने अंदर के बाल कलाकार को बाहर आने दे। आप सभी भविष्य निर्माण कर्ता है,आप ही कल के भारत की तकदीर है,आप सभी आपसी प्रेम सद्‌भावना के साथ रहकर नवाचार करते रहे।
इसी शुभकामना के साथ ।
मो.असलम
म.वि. चांद

# बिहार राज्य प्रार्थना गीत

मेरी रफ्तार पे सूरज की किरण नाज करे
ऐसी परवाज दे मालिक कि गगन नाज करे
वो नजर दे कि करूँ कद्र हरेक मजहब की
वो मुहब्बत दे मुझे अमनो अमन नाज करे
मेरी खुशबू से महक जाये ये दुनिया मालिक
मुझको वो फूल बना सारा चमन नाज करे
इल्म कुछ ऐसा दे मैं काम सबों के आऊँ
हौसला ऐसा हीं दे गंग जमन नाज करे
आधे रस्ते पे न रूक जाये मुसाफिर के कदम
शौक मंजिल का हो इतना कि थकन नाज करे
दीप से दीप जलायें कि चमक उठे बिहार
ऐसी खूबी दे ऐ मालिक कि वतन नाज करे
जय बिहार जय बिहार जय जय जय जय बिहार

एम. आर. चिश्ती

www.teachersofbihar.org

## बिहार राज्य गीत

मेरे भारत के कंठहार, तुझको शत-शत वंदन बिहार
तू वाल्मीकि की रामायण, तू वैशाली का लोकतंत्र
तू बोधिसत्व की करूणा है, तू महावीर का शांतिमंत्र
तू नालंदा का ज्ञानदीप, तू हीं अक्षत चंदन बिहार
तू है अशोक की धर्मध्वजा, तू गुरूगोविंद की वाणी है
तू आर्यभट्ट तू शेरशाह, तू कुंवर सिंह बलिदानी है
तू बापू की है कर्मभूमि, धरती का नंदन वन बिहार
तेरी गौरव गाथा अपूर्व, तू विश्व शांति का अग्रदूत
लौटेगा खोया स्वाभिमान, अब जाग चुके तेरे सपूत
अब तू माथे का विजय तिलक,
तू आँखों का अंजन बिहार
तुझको शत-शत वंदन बिहार,
मेरे भारत के कंठहार

- सत्यनाराय

**01 अप्रैल 2024**

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

सबसे बड़ा दोष, दोष होना और दोष के होते हुए भी उसे नही सुधारना है।

**कन्फ्यूशियस**



राकेश कुमार


पद्य पंकज
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
"
आज़ादी रोटी नहीं,
मगर दोनों में कोई बैर नहीं,
पर कहीं भूख बेताब हुई तो
आजादी की खैर नहीं...
रामधारी सिंह दिनकर
Madhu priya
www.padyapankaj.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers
राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द 01.04.2024

## अधिगम विकार

यह एक स्नायविक विकार है जो किसी व्यक्ति को किसी कौशल अधिगम और उसका प्रभावी ढंग से उपयोग करने से रोकता है। प्रायः, यह बचपन में होता है और कुछ कौशल जैसे पढ़ने, लिखने, बोलने आदि के साथ कठिनाई इसकी विशेषता होती है।

www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस ज्ञान

शशिधर उज्जवल

MONDAY

## 01 अप्रैल

1. **अप्रैल फूल–** एक बार चिंकी खरगोश ने गुनगुन भौंरे से पूछा–'भईया, ये अप्रैल फूल क्या होता है?' गुनगुन भौंरा बोला– 'जो फूल अप्रैल में खिलता है यानी जन्म लेता है, उसे अप्रैल फूल कहते हैं।' कहीं आप भी यही बात तो नहीं सोचने लगे? जी हाँ! आज एक अप्रैल है यानी 'मूर्खता दिवस'। सन् 1582 में पोप ग्रेगोरी तेरहवीं ने जूलियन कैलेण्डर में सुधार करते हुए ग्रेगोरियन कैलेण्डर में भी '1 जनवरी' को ही नया वर्ष घोषित किया। इसके साथ मार्च के आखिर में मनाये जाने वाले न्यू ईयर सेलिब्रेशन की तारीख में बदलाव हो गया। कैलेण्डर की यह तारीख पहले फ्रांस में अपनाई गयी। हालांकि यूरोप में रह रहे बहुत से लोगों ने जुलियन कैलण्डर को ही अपनाया। उन्होंने उन लोगों को मूर्ख कहना शुरू कर दिया जो पुराने कैलेण्डर के मुताबिक चल रहे थे। इस प्रकार 'मूर्खता दिवस' मनाने की प्रथा शुरू हुई।
2. **भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना–** 1 अप्रैल, 1935 ई. को भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना हुई थी। यह भारत का केन्द्रीय बैंक है। देश में नोटों (मुद्रा) जारी करने का जिम्मा इस बैंक को है। यह भारत के सभी बैंकों का संचालक तथा नियंत्रक है। प्रारंभ में इसका मुख्यालय कोलकाता था जो 1937 में बम्बई (वर्तमान मुम्बई) आ गया।
   - संदर्भ: सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक जीवन, भाग 1, अध्याय 4 से जोड़कर बतायें।
3. **उत्कल दिवस–** उत्कल, उद्र या उड़ीसा (2011 से नया नाम ओडिसा) उसी प्राचीन राष्ट्र कलिंग का आधुनिक नाम है, जिस पर 261 ईसापूर्व में मौर्य सम्राट अशोक ने आक्रमण किया था। आधुनिक ओडिसा राज्य की स्थापना 1 अप्रैल, 1936 ई. को कटक के कनिका पैलेस में भारत के एक राज्य के रूप में हुई। इस दिन बिहार व उड़ीसा प्रांत का विभाजन अलग–अलग प्रांत के रूप में किया गया। इस राज्य के अधिकांश नागरिक उड़ीया भाषी थे। यह भारत का उत्तर–पूर्वी तटीय राज्य है। सर जॉन ऑस्टिन हब्बक को उड़ीसा का प्रथम गर्वनर नियुक्त किया गया था।
   - क्या करें? बच्चों को ओडिसा का मानचित्र दिखाकर उसकी भौगोलिक अवस्थिति से अवगत करा सकते हैं।
4. **सम्राट अशोक जयंती–** मौर्य वंश का तीसरा शासक तथा बिन्दुसार का पुत्र अशोक का जन्म 304 ईसापूर्व हुआ था। वह 269 ई.पू. मगध की राजगद्दी पर बैठा था। अशोक ने सिंहासन पर बैठने के 8 वर्षों के बाद ही 261 ई.पू. में कलिंग पर आक्रमण कर दिया। उस समय कलिंग के राजा अनंत पद्मनाभन थे। सम्राट अशोक ने कलिंग (राजधानी तोसली) को जीत लिया। कलिंग महाराज की पुत्री पद्मा अशोक से युद्ध कर अपने पिता की मृत्यु का बदला लेने आयी, पर शास्त्र सम्मत उसने स्त्रियों पर शस्त्र नहीं चलाया। इस युद्ध में हुए भयंकर रक्तपात ने उसका हृदय परिवर्तन कर

/teachersofbihar

Madhu priya

# Teachers of Bihar

The change makers

## दिवस विशेष

1 अप्रैल

मधु प्रिया

## भारतीय रिजर्व बैंक की स्थापना 1 अप्रैल




रिज़र्व बैंक की स्थापना 1 अप्रैल सन् 1935 को रिज़र्व बैंक ऑफ़ इण्डिया ऐक्ट 1934 के अनुसार हुई। भारत के अर्थतज्ञ बाबासाहेब आम्बेडकर ने भारतीय रिज़र्व बैंक की स्थापना में अहम भूमिका निभाई हैं, उनके द्वारा प्रदान किये गए दिशा-निर्देशों या निर्देशक सिद्धान्त के आधार पर भारतीय रिज़र्व बैंक बनाई गई थी। बैंक कि कार्यपद्धती या काम करने शैली और उसका दृष्टिकोण बाबासाहेब ने हिल्टन यंग कमीशन के सामने रखा था, जब 1926 में ये कमीशन भारत में रॉयल कमीशन ऑन इण्डियन करेंसी एण्ड फाइनेंस के नाम से आया था तब इसके सभी सदस्यों ने बाबासाहेब ने लिखे हुए ग्रन्थ दी प्राब्लम ऑफ़ दी रुपी - इट्स ओरीजन एण्ड इट्स सोल्यूशन (रुपया की समस्या - इसके मूल और इसके समाधान) की जोरदार वकालात की, उसकी पृष्टि की। ब्रिटिशों की वैधानिक सभा (लेसिजलेटिव असेम्बली) ने इसे कानून का स्वरूप देते हुए भारतीय रिज़र्व बैंक अधिनियम 1934 का नाम दिया गया।प्रारम्भ में इसका केन्द्रीय कार्यालय कोलकाता में था जो सन् 1937 में मुम्बई आ गया। पहले यह एक निजी बैंक था किन्तु सन 1949 से यह भारत सरकार का उपक्रम बन गया है। शक्तिकांत दास भारतीय रिजर्व बैंक के वर्तमान गवर्नर हैं, जिन्होंने 11 सितम्बर 2018 को पदभार ग्रहण किया।पूरे भारत में रिज़र्व बैंक के कुल 29 क्षेत्रीय कार्यालय हैं जिनमें से अधिकांश राज्यों की राजधानियों में स्थित हैं।इसके प्रमुख कार्य है। मौद्रिक नीति तैयार करना, उसका कार्यान्वयन और निगरानी करना। वित्तीय प्रणाली का विनियमन और पर्यवेक्षण करना।विदेशी मुद्रा का प्रबन्धन करना।मुद्रा जारी करना, उसका विनिमय करना और परिचालन योग्य न रहने पर उन्हें नष्ट करना।सरकार का बैंकर और बैंकों का बैंकर के रूप में काम करना। एवम साख नियन्त्रित करना।



# Teachers of Bihar

The change makers

## जयंती विशेष 01 अप्रैल

राकेश कुमार



## अजित वाडेकर

### भारत के प्रसिद्ध क्रिकेटर

**अजित लक्ष्मण वाडेकर** *Ajit Laxman Wadekar*, जन्म- 1 अप्रैल, 1941, बम्बई , मृत्यु- 15 अगस्त, 2018) भारत के प्रसिद्ध क्रिकेट खिलाड़ी थे। भारतीय क्रिकेट को विश्वस्तरीय गौरव दिलाने वाले वे भारतीय क्रिकेट कप्तान थे। सन 1971 में वेस्टइण्डीज व इंग्लैण्ड इन दोनों टीमों से टेस्ट भूखला जीतकर अजित वाडेकर ने भारत का नाम विश्व में ऊंचा किया था। इन दोनों भूखलाओं में विजय प्राप्त करने वाले वाडेकर का तत्कालीन समय में स्वागत करने वालों में प्रधानमंत्री स्वर्गीय इन्दिरा गांधी सहित हजारों लोग 20 कि.मी. की दूरी तक पुष्प वर्षा करते खड़े हुए थे।

TOB

राकेश कुमार

# TOB खेल कॉर्नर

## YO-YO टेस्ट ( क्रिकेट )



क्रिकेट में Yo-Yo टेस्ट की शुरुआत स्पीड लेवल 5 से होती है। इस लेवल में एक शटल होता है। स्पीड लेवल 10 तक एक ही शटल होता है।


स्पीड लेवल 11 में दो शटल, 12 में 3 और 13 में 4 शटल होते हैं।
14 से 23 तक के स्पीड लेवल में हर लेवल के लिए 8 शटल होते हैं।



Yo-Yo टेस्ट में स्पीड लेवल 23 को सबसे ऊंचा माना जाता है जिसे किसी भी खिलाड़ी ने अभी तक छुआ नहीं है।

हर शटल की दूरी 40 मीटर होती है। हर स्पीड लेवल पर खिलाड़ी उतनी दूरी तय करता है। भारत के लिए 16.5 की स्पीड लेवल का मतलब है खिलाड़ी ने 1120 मीटर दूरी तय कर ली।

कोई भी खिलाड़ी बीप बजने से पहले कोन तक नहीं पहुंचता है तो उसे पहली वॉर्निंग मिलती है। तीन चेतावनी का मतलब प्लेयर टेस्ट में फेल हो गया।




# सहरसा जिला स्थापना दिवस 1 अप्रैल

टीचर्स ऑफ बिहार परिवार की तरफ से समस्त जिला वासियों को स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।

www.teachersofbihar.org

Madhu priya

# विज्ञान

कक्षा 10 बिहार बोर्ड

ToBTLM 144

**शरीर के अंदर होने वाली वे सभी क्रियाएं जिसके कारण जीव जीवित रहते हैं उसे जैवप्रक्रम कहते हैं।**

**जैवप्रक्रम**

1. पोषण



2. श्वसन



3. परिवहन



4. उत्सर्जन



ये चारों प्रक्रिया जीवन जीने के लिए पर्याप्त है। एक कोशिकीय जीवों के साथ साथ बहुकोशिकीय जीवों में भी ये संपन्न होता है।



www.teachersofbihar.org

राजेश कुमार सिंह

# चेतना सत्र



पर्दा नशीन प्रा वि
करवन्दिया चांद कैमुर

# चेतना सत्र






पर्दा नशीन प्रा वि
करवन्दिया चांद कैमुर

# नन्हें कलाकार




उर्दू प्रा वि करवन्दिया चांद
कैमुर



उ.म.वि.पाढी
चांद, कैमुर

# नन्हें कलाकार

उ.म.वि.पाढी
चांद, कैमुर





# नन्हें कलाकार

**उ.म.वि.पाढी चांद, कैमुर**





# नन्हें कलाकार



उ.म.वि.लेदरी, चांद, कैमुर

# नन्हें कलाकार







30 सेकंड में 5 अंतर खोजे

आप तैयार है न......



# पेन वह पेंसिल


प्रखण्ड - चाँद, पैक्स - पाढ़ी
मतदान केन्द्र सं. - 6(घ)
मतदाताओं की सं. - 1963 से 2615
उत्क्र.म.वि. - पाढ़ी
जिला - कैमूर
ICE-CREAM
80
उर्दू प्रा वि
करवन्दिया चांद
कैमूर


प्रा.वि.शिव, चांद,
कैमूर
vivo T1 · Himanshu
Mar 6, 2024, 14:11

# पेन वह पेंसिल






**उ.म.वि.पाढी, चांद, कैमुर**

**आंचल कुमारी सुनैना कुमारी**

**वर्ग -6**

# पेन वह पेंसिल



उ.म.वि.बसहां चांद, कैमुर



# पेन वह पेंसिल



संध्या कुमारी वर्ग 5
न्यू प्रा.वि.भेरी, चांद,
कैमुर



नेहा कुमारी वर्ग 6
उ.म.वि.लेदरी, चांद,

# पेन वह पेंसिल






उ.मा.वि.जीगिना चांद
कैमुर

# पेन वह पेंसिल



उ.म.वि.किलनी चांद कैमुर




उ.म. वि.पवरा चांद कैमुर

Teachers of Bihar
The change makers

अमरेन्द्र कुमार

## सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान



सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान भारत के पश्चिम बंगाल राज्य के दक्षिणी भाग में गंगा नदी के सुंदरवन डेल्टा क्षेत्र में स्थित एक राष्ट्रीय उद्यान, बाघ संरक्षित क्षेत्र एवं बायोस्फीयर रिज़र्व क्षेत्र है। यह क्षेत्र मैन्ग्रोव के घने जंगलों से घिरा हुआ है और रॉयल बंगाल टाइगर का सबसे बड़ा संरक्षित क्षेत्र है। यह विश्व का एकमात्र नदी डेल्टा है जहां बाघ पाए जाते हैं। हाल के अध्ययनों से पता चला है कि इस राष्ट्रीय उद्यान में बाघों की संख्या 103 है। यहां पक्षियों, सरीसृपों तथा रीढ़विहीन जीवों (इन्वर्टीब्रेट्स) की कई प्रजातियाँ भी पायी जाती हैं। इनके साथ ही यहाँ खारे पानी के मगरमच्छ भी मिलते हैं। वर्तमान सुंदरवन राष्ट्रीय उद्यान 1973 में मूल सुंदरवन बाघ रिज़र्व क्षेत्र का कोर क्षेत्र तथा 1977 में वन्य जीव

ToB बालमन
फरवरी 2024

# दर्शनीय स्थल

## बिहार पर्यटन: बराबर की गुफ़ा

बराबर की गुफाएं जहानाबाद से 25 किलोमीटर की दूरी पर मखदूमपुर के पास पहाड़ी इलाके में चट्टानों को काटकर बनायीं गयी सबसे पुरानी गुफाएं हैं। इनमें से अधिकाँश गुफाओं का सम्बन्ध मौर्या काल (३२२-१८५ ईसा पूर्व ) से है और कुछ में अशोक के शिलालेखों को देखा जा सकता है। ये गुफाएं बराबर (चार गुफाएं ) और नागार्जुनी (तीन गुफाएं) की जुड़वाँ पहाड़ियों में स्थित है। बराबर में ज्यादातर गुफाएं दो कक्षों की बनी हैं जिन्हे पूरी तरह से ग्रेनाइट को तराशकर बनाया गया है जिनमे से एक उच्च - स्तरीय पोलिश युक्त आतंरिक सतह और गूंज का रोमांचक प्रभाव पैदा करता है। इन गुफाओं का उपयोग आजीविका सम्प्रदाय के सन्यासियों द्वारा किया गया था जिनकी स्थापना मक्खलि गोसाल द्वारा की गयी थी , वे बौद्ध धर्म के संस्थापक सिद्दार्थ गौतम और जैन धर्म के अंतिम एवं २४ वे तीर्थंकर महावीर के समकालीन थे। इसके अलावा इस स्थान पर चट्टानों से निर्मित कई बौद्ध और हिन्दू मूर्तियां भी पायी गयी हैं।

बाबा सिद्धनाथ मंदिर, जिसे शिव मंदिर के रूप में भी जाना जाता है और मूल रूप से सिध्देश्वर नाथ मंदिर के रूप में जाना जाता है, बराबर पहाड़ियों की सीमा में सबसे ऊंची चोटियों में से एक में स्थित है। मंदिर 7 वीं सदी ए.ड. में गुप्ता काल के दौरान बनाया गया था।

इतिहास प्रेमी और जिन्हें पर्यटन में रुचि है उनको इस स्थल पर एक बार जरूर जाना चाहिए। कई धर्म का संगम स्थल ,ऐतिहासिक शिलालेख, नक्काशी, वास्तुकला को देखने और महसूस करने का अद्भुत स्थल है बराबर या सतघरवा गुफाएं।







कुमार राकेश मणि
(प्रधानाध्यापक)
UHS कोटा, नुआंव
(कैमूर) बिहार



# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



**स्कॉटलैंड** में **पटना** नाम का एक गाँव है जिसका नाम **बिहार** की राजधानी **पटना** के नाम पर रखा गया था। इसकी जनसंख्या **2000** है और इसकी स्थापना **1802** में हुई थी।

# ToB बालमन

## रोचक गणित




A. 1 से 99 तक spelling में A , B, C,D का प्रयोग नहीं हुआ है।

B. पहली बार D का प्रयोग "Hundred" की spelling में हुआ है।

C . 1 से 999 तक spelling में A , B, C का प्रयोग नहीं हुआ है।

D. 1 से 1000 तक spelling में B,C,J,K,M,P,Q तथा Z का प्रयोग नहीं हुआ है।

E. पहली बार A का प्रयोग "Thausand "की spelling में हुआ है।

F. पहली बार B का प्रयोग"Billion" की spelling में हुआ है।

G. पहली बार C का प्रयोग "Lac" की spelling में हुआ है।

H. सिर्फ एक बार Z का प्रयोग "Zero" की spelling में हुआ है।



कुमार राकेश मणि
उत्क्रमित उच्च माध्यमिक विद्यालय कोटा नुआंव कैमूर

ToB बालमन

# अज़ब-गज़ब

फरवरी 2024

**1**

फिलीपींस के केल्विन मदीना ने मात्र 23.62 सेकंड में 12 पिज़्ज़ा खा लिए थे।

**2**

गाने के अनुसार हमारे दिल की धड़कन बदल जाती है।”

**3**

भोजन के नाम पर चाइना में 40 लाख बिल्लियाँ हर साल खाई जाती हैं।

**4**

एक रिसर्च के अनुसार अगर इंसान जितनी ज्यादा ठंडी जगह में सोता है तो उसे सपने उतने ही ज्यादा डरावने आने की संभावना होती है।

**5**

दुनिया में सबसे ज्यादा चॉकलेट स्विट्जरलैंड में खाई जाती है। यहां हर व्यक्ति एक साल में 10 किलो के औसत से चॉकलेट खाता है।

स्रोत: सोशल मीडिया

ToB बालमन

फरवरी 2024

# जरा मुस्कुरा भी दीजिए....

**क्या आप जानते हैं कि 'तारक मेहता का उल्टा चश्मा' टीवी शो में गोकुल धाम सोसायटी की सभी औरतें खुश क्यों रहती हैं?**

**क्योंकि**

**वहां एक भी सास नहीं है...**

**पति- शादी के समय सात फेरे लेते वक्त तुमने वचन दिया था और स्वीकार किया था कि**

**मेरी इज्जत करोगी, मेरी सब बात मानोगी।**

**पत्नी- तो क्या इतने लोगों के सामने तुमसे बहस करती।**

**बीवी की बात सुनकर पतिदेव हैरान रह गए।**

# कविता

### गौरैया

सुबह सुबह चीं चीं करके
जग की जो नींद चुराती है
नन्हें नन्हें पंखों वाली
गौरैया कहलाती है ।

रहती हरदम साथ हमारे
मेरे घर के रोशनदान में
शीशे पर आकर बैठती
चुन-चुन कर दाने  अनाज के ।

लाख करे मां जतन सफाई की
तिनके वो  लाकर बिखेरती
घास-फूस औ तिनकों से
अपना नीड़  है स्वंय बनाती ।

संग हमारे फुदका करती
मुढ़ी चूड़ा  चावल खाती
पापा जो बिस्किट हैं देते
वो बच्चों को देकर आती ।

बिजली के पंखें से टकराकर
घायल जब वो हो जाती है
उसके पंखों को सहलाती
मुनिया  है अश्रुकण बहाती ।

गौरैया के लिए कटोरे में
हम जल रखना ना भूलें
पर्यावरण बचाना है तो
जीवन शृंखला सजा लें ।

चंदना दत्त
रांटी ,मधुबनी ,बिहार

### ***हेलमेट***

ज्ञान की बात नहीं यह कोई
अनुभव तुम्हें सुनाती हूं,
जीवन की रक्षा हेतु
एक सरल उपाय बताती हूं ।

दो पहिए वाहन जो सुगम है
खूब प्रयोग हम करते हैं ,
पर उसके परम नियमो का
मान नहीं हम रखते हैं ।

' हेलमेट' ही वह उपयुक्त यंत्र है
जिससे जीवन की रक्षा होती है,
हेलमेट के कारण सबके
सिर की रक्षा होती है।

यातायात का नियम तो है ही ।
यह एक सुरक्षा चक्र भी है ,
इस हेलमेट के कारण ही बड़ी दुर्घटनाओं का
अंत भी है।

गलती करके मैंने सीखा
अब मैं सबको सिखलाऊंगी।
हेलमेट से है बड़ी सुरक्षा
यह संदेश सुनाऊंगी।

प्यारे बच्चों और मेरे साथी
घर-घर संदेश फैलाना है ,
सड़क सुरक्षा के नियमों को,
जन-जन तक पहुंचना है।

खुशबू कुमारी
उत्क्रमित मध्य विद्यालय दुघरा
भभुआ कैमूर बिहार

# कहानी

जीवन एक प्यार या नफरत

एक छोटा बच्चा सोनू अपनी मां से नाराज होकर चिल्लाने लगा।मां"मैं तुझसे नफरत करता हूं"। उसके बाद पापा की मार खाने के डर से, घर से भाग गया। कुछ दूर जाने के बाद पहाड़ियों के पास जाकर चीखने लगा। मां,मैं तुझसे नफरत करता हूं, मां,मैं तुझसे नफरत करता हूं। और वही आवाज सोनू को सुनाई देने लगी। मां ,मैं तुझसे नफरत करता हूं, मां, मैं तुझसे नफरत करता हूं। सोनू ने ऐसी आवाज पहले कभी नहीं सुनी थी वह डर गया। डर कर वापस अपने घर चला गया। जाकर उसने अपनी सब बातें मां से बताई। सोनू की मां-सोनू की दास्तान  समझ गई। सोनू के मां ने कहा कि फिर उसी पहाड़ी पर जाकर तुम चिल्ला कर बोलना। मैं तुमसे प्यार करता हूं ,मां,।मैं तुमसे प्यार करता हूं, मां। फिर सोनू उस पहाड़ी पर गया जाकर चिल्लाने लगा मैं तुमसे प्यार करता हूं मां, मैं तुमसे प्यार करता हूं मां ।वही आवाज गूंजी। इस घटना को सोनू ने आकर मां को बताई। सोनू की मां ने सोनू को बताया जो हम दूसरे को देते हैं वही हमें मिलता है।

सीख-  हमारा जीवन भी उसी आवाज की तरह है। जो हम किसी को देते हैं हमें भी वही मिलता है।

प्रमोद कुमार निराला
क.म.वि. चांद, कैमुर,बिहार

# फोटो आंफ द मंथ


कृति गुप्ता, वर्ग -8
उ.म.वि.दुगुथुआ
चांद, कैमुर
OPPO F17 Pro


Ragini Lata
प्रा.वि.भेवार चांद कैमुर

# फोटो आंफ द मंथ








Teachers of Bihar
The change makers
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
गुणकारी फल
रसभरी
मुझमें विटामिन सी,ए, कार्बोहाइड्रेट, मैग्नीशियम, कैल्शियम, पोटैशियम और एंटीऑक्सीडेंट पाया जाता है।
Anu priya
www.teachersofbihar.org
चेरी
मुझमें विटामिन सी, कार्बोहाइड्रेट, फाइबर, कैल्शियम, मैग्नीशियम, फॉस्फोरस, पोटेशियम आदि पोषक तत्व पाए जाते हैं।
Anu priya
www.teachersofbihar.org

# दुसर प्रखंड आपन जिला



# दुसर प्रखंड आपन जिला



# दुसर प्रखंड आपन जिला

**M S BIDURI**
**ADHAURA**
**KAIMUR**





ToB राकेश कुमार

# खेल कॉर्नर

## खेल सामान्य ज्ञान

| | |
|---|---|
| आगा खान कप किस खेल से संबधित है? | हॉकी |
| मेजर ध्यानचंद की आत्मकथा का क्या नाम है? | गोल |
| भारत में खेला गया पहला हॉकी टूर्नामेंट कौन-सा था? | बेटन कप , कोलकाता (वर्ष 1895) |
| अखिल भारतीय हॉकी फेडरेशन की स्थापना किस वर्ष में हुई थी? | वर्ष 1925 में |
| भारतीय हॉकी टीम सर्वप्रथम कब कोई अंतर्राष्ट्रीय मैच खेली? | इंडियन आर्मी टीम (वर्ष 1926) |
| भारत ने अब तक ओलम्पिक में हॉकी स्पर्धा में कुल कितने पदक प्राप्त किये है? | 8 स्वर्ण + 1 रजत + 2 कांस्य = 11 कुल पदक |
| ओलम्पिक हॉकी में भारत का सबसे लम्बा अविजित रिकॉर्ड क्या है? | 1928 से 1960 तक 30 मैचो में अविजित |

| |
|---|
| **कोर्ट–** कबड्डी, लाल टेनिस, वॉलीबॉल ,बैडमिंटन तथा खो-खो के खेल परिसर को कोर्ट कहा जाता है । |
| **फील्ड–** फुटबॉल ,पोलो तथा हाथी के खेल परिसर को फील्ड कहा जाता है। |
| **पिच–** क्रिकेट तथा रग्बी के खेल परिसर को पिच कहा जाता है। |
| **रिंग** – स्केटिंग तथा मुक्केबाज बाजी के खेल परिसर को रिंग कहा जाता है। |

- घुड़सवारी के खेल परिसर **एरीना** कहते हैं।
- स्कॉटलैंड का राष्ट्रीय खेल **रग्बी फुटबॉल** है ।
- बाइचुंग भूटिया, शिशिर घोष ,रोनाल्डो इन खिलाड़ियों का संबंध फुटबॉल खेल से है ।
- ध्यान चंद्र ,दिलीप टर्की ,वाकर फीट, जोगराज सिंह इन खिलाड़ियों का संबंध हॉकी से है ।
- देवधर ट्रॉफी ,ईरानी ट्रॉफी ,रणजी ट्राफी सीके नायडू ट्रॉफी का संबंध क्रिकेट खेल से है।

# दुसर जिला आपन राज्य






# दुसर जिला आपन राज्य






**पल्लवी झा**
**केन्द्रीय विद्यालय पटना**

# दुसर जिला आपन राज्य






# ToB बालमन शिक्षण अधिगम सामग्री (फरवरी 2024 )

*** TLM का नाम और विवरण:-** Math Learning Device. यह TLM जूता के डिब्बा से बनाया गया है, जिसके सामने दो बड़े विन्डो में 5 - 5 पहिये लगे हैं। पहियों पर आवश्यकतानुसार 0 से 9 तक की संख्याएं तथा कुछ पर जोड़, घटाव, गुणा एवं भाग का चिन्ह बनाया गया है। दोनों विन्डो के बीच = का चिन्ह अंकित किया गया है।

*** वर्ग कक्ष/वर्ग कक्षों का विवरण जिसके लिए TLM उपयुक्त है:-** कक्षा 1, 2 एवं 3

*** अधिगम प्रतिफल का विवरण जिससे TLM संबंधित है:-** इस TLM के अधिगम प्रतिफल निम्नांकित हैं-


1. बच्चे 0 से 9 तक की संख्याओं को बताते हैं।
2. बच्चे एक या दो अंकों की संख्याओं का जोड़ एवं घटाव बनाते हैं।
3. बच्चे एक या दो अंकों वाली संख्याओं का गुणा एवं भाग बनाते हैं।

*** TLM को इस्तेमाल करने के तरीके:-** TLM के बाएं साईड में लगे पहिए को घुमाकर कोई संख्या बनाकर बीच वाले पहिए को घुमाकर जोड़, घटाव, गुणा या भाग कोई चिन्ह लाकर बच्चों से करवाया जाता है तथा दाहिने वाले विन्डो में लगे पहिए से उत्तर बनाया जाता है।

*** TLM के लिए आवश्यक सामग्री:-** डब्बा,कुट का टुकड़ा आदि।

*** अन्य महत्वपूर्ण जानकारी जो आवश्यक हो:-** कुछ विशेष नहीं।

धन्यवाद।




## TLM। निर्माणकर्ता

नाम:- अवधेश राम
विद्यालय का नाम:- उत्क्रमित मध्य विद्यालय बहुआरा
प्रखंड:- भभुआ
जिला:- कैमूर
whatsapp no. :- 8581943379
email id:- awadheshram54@gmail.com


कैमूर जिला स्थापना दिवस, 2024
सांस्कृतिक

# कैमूर स्थापना दिवस समारोह

**17 मार्च 2024**

## पेंटिंग प्रतियोगिता

**लिच्छिवी भवन भभुआ कैमूर**







कैमूर स्थापना दिवस समारोह
17 मार्च 2024


लिच्छिवी भवन भभुआ कैमूर


कैमूर स्थापना दिवस
समारोह
17 मार्च 2024
लिच्छिवी भवन
भभुआ कैमूर


बिहार दिवस समारोह
22 मार्च 2024
लिच्छिवी भवन भभुआ
कैमूर
क्विज प्रतियोगिता
बिहार दिवस, 2024
क्विज


बिहार दिवस प्रभात फेरी
क.म.वि.चांद कैमूर


बिहार दिवस 22 मार्च 2024 उत्क्रमित उच्च माध्यमिक
विद्यालय महुआरी भभुआ कैमूर

# प्रोजेक्ट बेस्ड लर्निंग





# मेरी कलाकृतियां का हाट






# मेरी कलाकृतियां का हाट



उ.उ.मा.वि.भरारी

चांद कैमुर



# मेरी कलाकृतियां का हाट

उ.उ.मा.वि.भरारी
चांद कैमुर






# मेरी कलाकृतियां का हाट

उ.उ.मा.वि.भरारी
चांद कैमुर





# पढ़ता बिहार बढ़ता बिहार



उ.म.वि.बसहां चांद कैमुर



उ.म.वि.चन्दा चांद कैमुर

# पढ़ता बिहार बढ़ता बिहार




उ.म.वि.चन्दा चांद कैमुर

# विज्ञान की तरफ मेरे कदम

उ.म.वि.बसहां चांद कैमुर






# कलाकृति


APPLE
BALL
CAR
HEN
INK
JUG
PARROT
QUEEN
X-MAS
अभिमन्यु कुमार वर्ग 3
प्रा.वि.भरुहियां चांद
कैमुर


उ.म.वि.लोहदन चांद
कैमुर

# कलाकृति






# कलाकृति





**न्यू प्रा.वि.बरहनी चांद कैमूर**

# सुरक्षित शनिवार



# सुरक्षित शनिवार



# मेरी उड़ान



# मेरी उड़ान



# मेरी उड़ान



# मेरी उड़ान



# मेरी उड़ान



# मेरी सोच





उ.उ.मा.वि.भरारी
चांद कैमुर

# मेरी सोच






उ.उ.मा.वि.भरारी
चांद कैमुर

# हमार रिजल्ट



# हमार रिजल्ट



प्रगति पत्रक वितरण समारोह
उर्दू प्राथमिक विद्यालय, करवंदिया
प्रखण्ड - चाँद, जिला - कैमूर (भभुआ)
आपका हार्दिक अभिनन्दन करता है !
EAST

# हमार रिजल्ट



# दूसरे स्कूल हेतु विदाई समारोह



# महत्वपूर्ण दिवस

3 मार्च -विश्व वन्यजीव दिवस
4 मार्च -राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस
8 मार्च -अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस
12 मार्च -रामकृष्ण जयंती
15 मार्च -विश्व उपभोक्ता दिवस
20 मार्च -विश्व गौरैया दिवस
22 मार्च -बिहार दिवस




बालमन टीम चांद कैमूर

आप अपने सुझाव और जवाब मोबाइल 9661547325 पर दे सकते है।

Thank you

